मसौदा 11.5.2020
DeKalb स्कूल्स कार्यवाही सप्ताह पर अश्वेत जीवन कीमती है 2020

समाचार विज्ञप्ति

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) में नवंबर 9-13 का सप्ताह "DeKalb स्कूल्स कार्यवाही सप्ताह पर अश्वेत जीवन कीमती है 2020" के रूप में मनाया जाएगा। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम में प्रतिदिन अश्वेत जीवन कीमती है पर स्कूल आधारित अनुदेशात्मक गतिविधियों को प्रमुख रूप से किया जाएगा, जिसमें ऐतिहासिक रूप से अश्वेत कॉलेज और विश्वविद्यालय (HBCU) का सोशल मीडिया पर जश्न मनाना, DeKalb काउंटी में अश्वेत स्वामित्व वाले कारोबारों का जश्न मनाना, माय ब्रदर्स कीपर किकऑफ, "अश्वेत सुंदर हैं एकता दिवस," और विद्यार्थी की अगुवाई में पैनल चर्चा शामिल है।

शिक्षा बोर्ड ने 13 जुलाई, 2020 को DeKalb स्कूल्स कार्यवाही सप्ताह पर अश्वेत जीवन कीमती है 2020 के लिए प्रस्ताव पारित किया। इस सप्ताह का लक्ष्य जातीय न्याय के मुद्दों पर सभी आयु के लोगों के लिए स्कूल समुदायों में महत्वपूर्ण चर्चा और निष्कपट बातचीत पर जारी आंदोलन को और बढ़ावा देना है।

"DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट में विभिन्न पृष्ठभूमि के लोग शामिल हैं और हम हर प्रकार से उस खूबसूरत विविधता का जश्न मनाते हैं," कहना था अधीक्षक Cheryl Watson-Harris का। "DeKalb स्कूल्स कार्यवाही सप्ताह पर अश्वेत जीवन कीमती है 2020 के जरिए हमारे विद्यार्थियों और स्टाफ को हमारे समुदायों में जातीय और सामाजिक अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाते हुए हमारे समुदायों में हमारे विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक छवियों को मान्यता देने का अवसर प्रदान करता है।"

2013 में Sanford, Fla में स्थानीय पहरेदार द्वारा 17 वर्षीय Trayvon Martin की गोली लगने से हुई हत्या के जवाब में सोशल मीडिया हैशटैग के रूप में अश्वेत जीवन कीमती है की शुरुआत हुई। इस सोशल मीडिया आंदोलन ने वैश्विक संगठन का रूप लिया जिसका लक्ष्य पूरे विश्व में रहने वाले अश्वेत लोगों को न्याय दिलाने, सांत्वना देने और आज़ादी दिलाने के लिए एक ताकत का निर्माण करना था।

DeKalb काउंटी शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष श्री Marshall Orson ने कहा कि, "DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट का अश्वेत जीवन कीमती है स्कूल सप्ताह डिस्ट्रिक्ट द्वारा उसके विद्यार्थियों, स्टाफ, और अन्य मूल के समुदायों के प्रति डिस्ट्रिक्ट की प्रतिबद्धता की अभिपुष्टि करता है। इन समुदायों से प्राप्त महत्वपूर्ण योगदान के साथ-साथ उन चुनौतियों पर ध्यान देते हुए जिनका सामना ये समुदाय अभी भी कर रहे हैं, हम DCSD से जुड़े या संपर्क में आने वाले सभी लोगों की सहायता करेंगे।"

"आज के समाज में, अश्वेत जीवन कीमती है आंदोलन प्रतीक है उस विचार का जिसके लिए हमारे पूर्वजों ने इतिहास में लड़ाई की थी," कहना था स्कूल बोर्ड अध्यक्ष Diijon DaCosta का। "हमारे पूर्वजों ने न्याय, आज़ादी, समानता, और बदलाव की लड़ाई लड़ी थी, जिससे कि अल्पसंख्यकों और

अन्य मूल के लोगों का भला होता है। हमें इस आंदोलन में शामिल होकर, नई जानकारी प्राप्त कर, और अपनी आवाज़ बुलंद कर उनकी विरासत को और उन्नत करना है। समय आ गया है कि हम एक प्रगतिशील बदलाव, विविधता, और सम्मिलन की दिशा में अपने कदम बढ़ाएं। हम अपने विभाजनकारी अतीत से उत्पन्न नकारात्मक व्यवहार को और जारी रहने नहीं देंगे। बदलाव हमारे अंदर से आएगा।"

"DeKalb स्कूल्स कार्यवाही सप्ताह पर अश्वेत जीवन कीमती है 2020" पर अधिक जानकारी के लिए, https://www.dekalbschoolsga.org/featured-news/black-lives-matter-at-dekalb-schools/ पर जाएं।

कवरेज के लिए मीडिया अनुरोध communications@dekalbschoolsga.org पर भेजा जाना चाहिए।